पत्रांक–10 / विविध / आ0प्र0प्रा0–23 / 2015................ / प्राधि0

बिहार सरकार

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

(आपदा प्रबंधन विभाग)

द्वितीय तल, पंत भवन, पटना–800001

# कोटेशन आमंत्रण सूचना

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, द्वितीय तल, पंत भवन, पटना–800001 द्वारा कार्यालय उपयोग हेतु वाणिज्य कर/आयकर निबंधित कोटेशनदाता से निम्नांकित शर्त्तों के अंतर्गत अधोलिखित सामग्रियों की दर निर्धारण एवं आपूर्ति के लिए मुहरबंद लिफाफे में कोटेशन आमंत्रित किया जाता है :–

| सामग्री का नाम | साईज | अदद |
|---|---|---|
| पंत भवन के पूरब भाग पर बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नाम का बोर्ड | 8ft x 3ft | 01 |
| पंत भवन के दक्षिण भाग पर बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नाम का बोर्ड | 20ft x3ft | 01 |

**शर्त्ते :–**

(1) कोटेशनदाता/व्यक्ति को इस प्रकार के पूर्व में इस तरह की सामग्री आपूर्ति करने का अनुभव होना आवश्यक होगा एवं एतद संबंधी प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।

(2) *दोनों बोर्ड की बनावट इस प्रकार होनी चाहिए:–*

**(i) Media–Lg/Star Back Light (ii) 22-26gauge Powder Coated Sheet (iii) LED Tubelight with 1year Warranty (iv) Timer (6:00PM to 4:00AM)(v) Frame GI pipe Framming (vi) Board Wiring ISI**

(3) कोटेशन प्राप्ति की अंतिम **तिथि–.29.10.2015 (समय 5.00 बजे अपराह्न तक)** है। निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के बाद कोई कोटेशन स्वीकार नहीं की जायगी ।

(4) सभी कोटेशन–**30.10.2015** को प्राधिकरण के कार्यालय में **3.00 बजे अपराह्न** में क्रय समिति के समक्ष खोली जायगी । इसमें आपूर्ति कर्त्ता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं ।

(5) कोटेशनदाता को आदेश के पॉच दिनों के भीतर अथवा आदेशित तिथि को सामग्रियों की आपूर्ति करते हुए इसे अधिष्ठापित करनी होगी । पंत भवन स्थित प्राधिकरण कार्यालय में सामग्रियाँ की अधिष्ठापन एवं आपूर्ति के पश्चात् अपना विपत्र प्रस्तुत करना होगा ।

(6) कोटेशन के साथ VAT / registration का प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।

(7) कोटेशनदाता को नियमानुसार VAT की राशि की कटौती कर भुगतान किया जायगा ।

(8) कोटेशन आंशिक या पूर्णरूपेण बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में निहित होगा ।

(9) आवश्यकता पड़ने पर इस संबंध में प्राधिकरण कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है ।

(10) आपूर्तिकर्त्ता से प्राप्त विपत्र से देय आयकर की कटौती की जायगी।

ह0/–

**अवर सचिव**

ज्ञापांक – 1322 /प्राधि0 पटना, दिनांक– 15-10-15

**प्रतिलिपि**–वरीय तकनीकी सहायक, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना को निदेश दिया जाता है कि इसे प्राधिकरण के वेबसाईट www.bsdma.org पर सर्वसाधारण की सूचना हेतु लोड करेगें।

**अवर सचिव**